INDIAN SCHOOL SOHAR

FORMATIVE ASSESSMENT-IV

विषय-हिन्दी

SET-1

कक्षा : VI

दिनांक :23-1-2014

पूर्णांक : 25

समय : 45 मिनट

....

सामान्य निर्देश 1 - कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।

2 - प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

....

प्रश्न (1) **नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** [5]

एक बार नानक जी यात्रा करते हुए एक नगर में पहुँचे ।वहाँ के एक सेठ ने नगर वासियों को भोज पर निमंत्रण दिया।नानकदेव जी को भी निमंत्रित किया ।परन्तु वे भोजन करने नहीं गए। सेठ जी ने बड़े आग्रह से नानकदेव जी को बुलाया था।वह उनके घर न आने का कारण जानना चाहते थे।वह नानक देव जी के लिए भोजन लेकर उनके पास गया।उसी समय लालू बढ़ई भी उनके लिए भोजन लेकर वहाँ पहुँचा।नानकदेव जी ने लालू द्वारा लाई गई रोटी एक हाथ में रखी और सेठ की रोटी दूसरे हाथ में।लोगों ने आश्चर्य से देखा कि नानकदेव जी ने जब दोनों हाथों की रोटियाँ दबाईं तो लालू की रोटी से दूध की बूँदें और सेठ की रोटी से खून की बूँदें टपक पड़ीं।नानकदेव जी ने समझाया, " सेठ की रोटी गरीबों का खून चूस - चूसकर बनाई गई है जबकि लालू की रोटी सच्चे परिश्रम की कमाई है। परिश्रम की कमाई ही भगवान की सच्ची सेवा है। "

(क) सेठ ने किस - किस को भोजन पर बुलाया ?

(ख) नानकदेव जी सेठ के घर क्यों नहीं गए ?

(ग) ईश्वर की सच्ची सेवा क्या है ?

(घ दोनों रोटियों में क्या अंतर था ?

(ङ) गदयांश में आए दो क्रियापद लिखिए।

प्रश्न (2) **निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द दें।** [1]

(क) जो बहुत प्रसिद्ध हो ---------------------------

(ख) दूसरों का उपकार करनेवाला ----------------------

प्रश्न (3) **निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें।** [1]

परिश्रमी , आदर

प्रश्न (4) **निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए।** [1]

रश्मि रेखा

प्रश्न (5) **निम्नलिखित वाक्यों के क्रिया - भेद बताइए।** [1]

(क) माँ ने खाना बनाया।

(ख) मेरे दादा जी आए।

प्रश्न (6) **निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

सुरभित उपवन

प्रश्न (7) **निम्नलिखित शब्दों के दो -दो अनेकार्थक शब्द लिखिए।** [2]

फल , मत

प्रश्न (8) **निम्नलिखित शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** [2]

बाज़ार , प्रतिष्ठा

प्रश्न (9) **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** [2]

श्रमदान , कृतज्ञता , अग्रिम , साधारण

प्रश्न (10) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** [8]

(क) प्रजा राजवर्मन की प्रशंसा क्यों करती थी ?

(ख) रविवर्मन कैसा राजा था और उसके कारण राज्य को क्या नुकसान पहुँचा ?

(ग) लक्ष्मी को खिलौने बनाने का अवसर कैसे प्राप्त हुआ ?

(घ) चंपे की कलियों पर वर्षा का क्या प्रभाव पड़ता है ?